दिन– सोमवार दिनांक– 27 / 01 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय कैडेट कोर– एनसीसी की वार्षिक रैली को संबोधित करेंगे। राजधानी के करियप्पा परेड ग्राउंड में आयोजित रैली की इस वर्ष की थीम है– **युवा शक्ति, विकसित भारत।** आयोजन के दौरान एनसीसी के आठ सौ से अधिक कैडेट सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे, जिसमें राष्ट्र निर्माण के प्रति एनसीसी की प्रतिबद्धता दर्शायी जाएगी। रैली में अठारह मित्र देशों के एक सौ चौवालीस युवा कैडेट की भी भागीदारी होगी। इसके अलावा, मेरा युवा भारत तथा शिक्षा मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय से संबद्ध छह सौ पचास से अधिक स्वयंसेवक भी रैली में विशेष अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

—————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस पर शुभकामनाओं के लिए विश्व नेताओं को धन्यवाद दिया। श्री मोदी ने फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के एक सोशल मीडिया पोस्ट के जवाब में कहा कि पिछले साल पचहत्तरवें गणतंत्र दिवस पर श्री मैक्रों की उपस्थिति दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी और स्थायी मित्रता का महत्वपूर्ण पड़ाव थी।

—————————————————————

प्रयागराज के महाकुंभ में आज गृह मंत्री अमित शाह ने गंगा, यमुना और सरस्वती नदियों के संगम त्रिवेणी के पवित्र जल में पवित्र डुबकी लगाई। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और कई संत भी पवित्र स्नान में गृह मंत्री के साथ थे। इधर, कल गणतंत्र दिवस के अवसर पर कुंभ नगरी में ड्रोन शो का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों को संस्कृति और देशभक्ति का अविस्वमरणीय संगम देखने को मिला।

—————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की तबियत खराब होने के कारण आज से शुरू होने वाली उनकी प्रगति यात्रा के तीसरे चरण के कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। मुख्यमंत्री सचिवालय से जारी पत्र के अनुसार यात्रा का तीसरा चरण अब कल पूर्णिया से शुरू होगा। प्रगति यात्रा के चौथे चरण का कार्यक्रम भी घोषित कर दिया गया है। इसके अनुसार चौथा चरण एक फरवरी से भाागलपुर से शुरू होगा। इधर, राजद के वरिष्ठ नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव तीस जनवरी से अपने कार्यकर्ता दर्शन सह–संवाद कार्यक्रम के आठवें चरण की शुरूआत सीवान से करेंगे।

—————————————————————————

निगरानी की टीम ने सीतामढ़ी जिले के पुपरी अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व कर्मचारी भोगेन्द्र को इक्यावन हजार रूपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार कर्मचारी पर दाखिल–खारिज के बदले रिश्वत लेने का आरोप है। निगरानी की टीम उसे अपने साथ पटना ले गई है।

—————————————————————————

राजधानी पटना समेत राज्य के अधिकतर भागों में धूप खिली होने के कारण लोगों को ठंड से थोड़ी राहत मिली है। विभिन्न स्थानों पर अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अंतर बढ़ा है। हालांकि डेहरी, छपरा, मोतिहारी, जमुई, बक्सर, बांका, दरभंगा और गया जिले में न्यूनतम पारा अभी भी दस डिग्री सेल्सियस से नीचे बना हुआ है। रोहतास जिले का डेहरी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान छह दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि प्रदेश के अधिकांश भागों में अगले दो दिनों तक मौसम में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। इसके बाद विभिन्न भागों में न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, शिवहर और मधुबनी जिले में कुछ स्थानों पर सुबह और शाम के समय घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

—————————————————————————

मुंगेर शहर के शहीद स्मारक के पास गृहरक्षा वाहिनी के जवानों ने एक दिवसीय धरना दिया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने समान काम, समान वेतन समेत इक्कीस सूत्री मांगों के समर्थन में नारेबाजी की।

—————————————————————————

अररिया की एक स्थानीय अदालत ने भारतीय न्याय सुरक्षा संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दो महिला समेत चार अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है।

———————————————————————

रोहतास जिला मुख्यालय, सासाराम में तीस जनवरी को एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन होगा। जदयू के प्रदेश प्रवक्ता निहोरा प्रसाद यादव ने संवाददाता सम्मेलन में तैयारियों की जानकारी दी।

———————————————————————

पटना के आलमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत जे.पी. गंगा पथ पर आज एक चलते वाहन में अचानक आग लग जाने से यातायात बाधित हो गया। हालांकि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।

———————————————————————

पश्चिम चंपारण जिला मुख्यालय, बेतिया में एक कार्यक्रम के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री जनक राम ने अभियान बसेरा–टू के तहत पांच सौ पचासी भूमिहीन लाभार्थियों को वासगित का पर्चा दिया।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।